प्रमुख घटनाएं और उपलब्धियां

)अक्टूबर, 2020(

****

1. फ्लैगशिप कार्यक्रम की प्रगति:

1.1. लगभग 1,04,000 आयुष्मान भारत – स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्र (एबी-एचडब्ल्यूसी) को अनुमोदन प्रदान किया गया है। 23 अक्टूबर 2020 तक इनमें से 48,840 स्वास्थ्य एवं आरोग्य केन्द्रों को प्रचलनामक बनाया गया है, जबकि मार्च, 2021 तक 70,000 केन्द्रों को प्रचलनात्मक बनाने का लक्ष्य है।

1.2. आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना

मीट्रिक	01.10.2020 तक	01.11.2020 तक	अक्टूबर 2020 में प्रगति
जारी किए गए ई-कार्डों की संख्या*	12.59 करोड़	12.68 करोड़	9,39,513
अस्पताल में भर्ती रोगियों की संख्या	1.30 करोड़	1.38 करोड़	7,18,817
अस्पताल में भर्तियों हेतु अधिकृत राशि (हजार रु. में)	162152000	169300224	7148224
पैनलबद्ध अस्पताल	23,460	23,625	165
टिप्पणी: जारी किए गए ई कार्डों में, राज्यों द्वारा राज्य आईटी प्रणालियों का प्रयोग कर के पीएमजेएवाई लाभार्थियों के लिए बनाए गए 4.68 करोड़ राज्य कार्ड शामिल हैं।			

2. कोविड-19 महामारी:

2.1. दिनांक 10, 14, और 23 अक्टूबर, 2020 को राष्ट्रीय कोविड-19 टीका प्रशासन विशेषज्ञ समूह (एनईजीवीएसी) की तीन बैठकें आयोजित की गईं, जिनकी अध्यक्षता डॉ. वी. के. पॉल सदस्य (स्वास्थ्य) नीति आयोग ने एवं सह-अध्यक्षता सचिव (स्वास्थ्य और परिवार कल्याण) ने की।

2.2. भावी टिकाकरण उद्देश्य से स्वास्थ्य परिचर्या कर्मी डेटाबेस के सृजन संबंधी दिशानिर्देश विकसित किए गए हैं और राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों तथा केंद्र सरकार के मंत्रालयों/ विभागों के साथ साझा किए गए है।

2.3. कोविड-19 के दौरान उपयुक्त भोजन सेवन विषय पर जन जागरूकता सामग्री का सृजन करने में एफएसएसएआई द्वारा सभी महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहें हैं। भोजन को सुरक्षित बनाए रखने संबंधी उपायों का विभिन्न सामाजिक मीडिया मंचों के माध्यम से हिन्दी और अँग्रेजी भाषाओं में नियमित आधार पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

2.4. सीजीएचएस लाभार्थियों के लिए “आपका स्वास्थ्य हमारा लक्ष्य” के अंतर्गत प्रासंगिक विषयों पर स्वास्थ्य शिक्षा के लिए वेबीनार प्रारंभ किया गया है और उसका उद्घाटन 28.10.2020 को आयोजित

किया गया। लगभग 1000 लाभार्थियों और अन्य भागीदारों ने भाग लिया। पहला विषय "कोविड काल में पूर्व विद्यमान रोगों का प्रबंधन" था।

3. वैधानिक एवं विनियामक उपाय:

3.1. सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन का निषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पादन, आपूर्ति एवं वितरण का विनियमन) अधिनियम 2003 (सीओटीपीए 2003) को अधिक प्रभावी बनाने के लिए इसमें आवश्यक संशोधनों की जांच हेतु प्रस्ताव किया गया है।

3.2. उच्चतम शिक्षा विभाग और स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग से अनुरोध किया गया है कि वे सभी राज्यों /संघ राज्य क्षेत्रों की संस्थाओं /उच्चतम शिक्षा विभागों द्वारा तंबाकू उद्योग द्वारा संचालित फाउंडेशनों के साथ किसी भी सहयोग करने से बचने के संबंध मे आवश्यक अनुदेश जारी करें।

3.3. 550 राज्य /केंद्र सरकारी मेडिकल कॉलेजों को मादक द्रव्य व्यसन उपचार हेतु मानक उपचार दिशानिर्देशों (एसटीजी) उपयुक्त उपयोग करने हेतु परिचालित किए गए है।

4. मुख्य इवेंट्स:

4.1. दिनांक 16.10.2020 को विश्व खाद्य दिवस वर्चुअल रूप में बनाया गया। माननीय केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने ग्रो, नॉरिश, ससटेन – टुगेदर" विषयक समारोह की अध्यक्षता की। माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने स्मार्ट सिटी मिशन के सहयोग से एफएसएसएआई द्वारा विकसित ईट राइट क्रिएटिविटी चैलेंज फॉर स्कूल, द ईट स्मार्ट सिटी" (चैलेंज) की शुरुआत की और अनेक पुस्तकें /दिशानिर्देश जारी किए। माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री ने भी इस समारोह में भाग लिया।

5. विविध:

5.1. राष्ट्रीय रक्ताधान परिषद (एनबीटीसी) और राज्य रक्ताधान परिषदों (एसबीटीसी) की भूमिका की समीक्षा करने के लिए समिति द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए दिनांक 26.10.2020 को माननीय केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई।

5.2. भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच स्वास्थ्य क्षेत्र में द्विपक्षीय मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए दिनांक 07.10.2020 को माननीय केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री और ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त के बीच एक बैठक आयोजित की गई। .

5.3. दिनांक 05.10.2010 को माननीय राज्य मंत्री (स्वास्थ्य) और माननीय लॉर्ड (तारिक) अहमद ऑफ विंबलडन, मिनिस्टर ऑफ स्टेट फॉर साउथ एशिया एंड कॉमनवैल्थ के बीच एक वर्चुअल बैठक आयोजित की गई।

5.4. विश्व बैंक समूह-अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की वार्षिक बैठक के दौरान दिनांक 21.10.2020 को "अनलीज़िंग द साउथ एशियन सेंचुरी थ्रू ह्यूमन कैपिटल फॉर आल" विषय पर एक उच्चस्तरीय वर्चुअल गोलमेज़ वार्ता आयोजित की गई।

5.5. दिनांक 22.10.2020 को ज्वाइंट जी-20 फाइनेंस एंड हैल्थ डिप्युटीज बैठक वर्चुअल रूप में आयोजित की गई।

5.6. स्वास्थ्य सहयोग में भारत-इटली की ठोस संभावनाओं का पता लगाने के लिए 27.10.2020 को भारत और इटली के स्वास्थ्य विशेषज्ञों के बीच एक द्विपक्षीय वर्चुअल बैठक आयोजित की गई।

5.7. विकासशील कार्यक्रम आवश्यकताओं और वैश्विक अनुसंधानों के अनुरूप रूपरेखा कार्यान्वयन और निष्कर्ष के संबंध में राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम (एनएसीपी) के अंतर्गत निगरानी और महामारी विज्ञान कार्यकलापों के कार्यान्वयन के मार्गदर्शन के लिए राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (नाको) ने राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम (एनएसीपी) के अधीन निगरानी एवं महामारी विज्ञान पर तकनीकी कार्य समूह का गठन किया है।

******